Title: Need for construction of a rail line between Deoria and Padrauna *via* Mahuadihi, Hetimpur and Kushinagar in U.P. - Laid.

श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी (देवरिया) : सारनाथ, उत्तर प्रदेश भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है और वाराणसी के पास होने से इसने पर्यटन की दृटि से काफी प्रगति की है। हमारे संसदीय क्षेत्र देवरिया में कुशीनगर भी बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। इन दोनों धर्म स्थलों को जोड़ने से पर्यटन में काफी वृद्धि होगी। खासतौर से सारनाथ को कुशीनगर से रेलवे लाइन से जोड़ना आवश्यक है। वाराणसी से देवरिया तक रेलवे लाइन उपलब्ध है। देवरिया से कुशीनगर के लिए रेलवे लाइन जरूरी है। यह लाइन देवरिया-महुआडीह-हेतिमपुर-कुशीनगर-हवाई अड्डा-पड़रौना रेलवे स्टेशन पर मिल जाएगी। इस लाइन की दूरी 60 किलोमीटर से अधिक नहीं होगी, परंतु पर्यटन की दृटि से महत्वपूर्ण है।

रेल मंत्रालय सम्भवतः इसका सर्वे करा चुका है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि देवरिया-महुआडीह-हेतिमपुर-कुशीनगर-पडरौना रेलवे लाइन को इस साल की योजना में शामिल करें।